# परिवहन ईंधनों की कीमतें बढ़ीं

## उद्योग जगत बोला... वैश्विक परिस्थितियों में संतुलित कदम

**नई दिल्ली, 15 मई. पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में शुक्रवार को बढ़ोतरी के बाद उद्योग जगत ने कहा कि इससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट और वित्तीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए यह कदम राष्ट्रीय हित में था.**



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम तीन-तीन रुपये बढ़ाए गए हैं. इसके साथ ही इंद्रप्रस्थ गैस ने शहरी सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया. इनफोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मनोरंजन शर्मा ने बताया कि ईंधन की बढ़ी कीमतें परिवहन और उत्पादन लागत पर असर डालेंगी, जिससे महंगाई बढ़ने की संभावना है. उन्होंने कहा कि भारत को अपनी विदेशी मुद्रा और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी था.

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने भी कहा कि आम जनता पर थोड़ी बढ़ोतरी का असर होगा, लेकिन यह चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में जिम्मेदार कदम है.

> इंडियन फाउंडेशन ऑफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च एंड ट्रेनिंग के विश्लेषण के अनुसार, डीजल की कीमतों में ?3 प्रति लीटर वृद्धि से माल ढुलाई की लागत 1-1.5 प्रतिशत बढ़ सकती है. हालांकि, बड़े कॉर्पोरेट और सार्वजनिक क्षेत्र के वार्षिक करारों के कारण इसका कुल बाजार पर असर सीमित रहेगा. आईएफटीआरटी ने यह भी बताया कि मई में फैक्ट्रियों से माल उठाने में 8-10 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है. इससे परिवहन कंपनियों के लिए बढ़ी लागत का बोझ ग्राहकों पर डालना मुश्किल होगा और यदि कीमतें बढ़ती भी हैं, तो वह केवल अल्पकालिक होंगी.

## रुपया पहली बार 96 रु. प्रति डॉलर के पार लुढ़का

**मुंबई, 15 मई.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की गिरावट शुक्रवार को भी जारी रही और यह पहली बार 96 रुपये प्रति डॉलर के पार उतर गया.

पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 95.64 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. आज यह 22 पैसे लुढ़ककर 95.86 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और दोपहर बाद 96.14 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गयी. यह पहला मौका है जब एक डॉलर 96 रुपये के पार निकला है. इससे पहले, बीच कारोबार में रुपये का निचला स्तर 95.96 प्रति डॉलर रहा था. भारतीय मुद्रा खबर लिखे जाते समय 33 पैसे नीचे 95.97 रुपये प्रति डॉलर पर थी. ये अनंतिम आंकड़ें हैं. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव रहा.

# भारत का निर्यात 14% बढ़कर 43 .56 अरब पहुंचा

## पश्चिम एशिया के साथ व्यापार में गिरावट आई



**नई दिल्ली, 15 मई. भारत के विदेशी व्यापार ने अप्रैल में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश का कुल निर्यात साल-दर-साल आधार पर 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है.**

वहीं आयात में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 71.94 अरब डॉलर तक पहुंच गया. यह संकेत देता है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की व्यापारिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं.

हालांकि कुल व्यापार में वृद्धि के बीच पश्चिम एशिया के साथ व्यापार में तेज गिरावट देखने को मिली है. इस क्षेत्र को भारत का निर्यात लगभग 28 प्रतिशत घटकर 4.16 अरब डॉलर रह गया, जबकि आयात 31.64 प्रतिशत गिरकर 10.47 अरब डॉलर पर आ गया. विशेषज्ञों के अनुसार यह गिरावट क्षेत्रीय तनाव और सप्लाई चेन बाधाओं का परिणाम हो सकती है.

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, भारत का कुल व्यापार प्रदर्शन मजबूत घरेलू और बाहरी मांग को दर्शाता है, लेकिन क्षेत्रीय अस्थिरता कुछ बाजारों पर असर डाल रही है.

> कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनाव ने इस क्षेत्र के व्यापार को प्रभावित किया है. इसके बावजूद भारत का समग्र निर्यात प्रदर्शन यह दिखाता है कि देश की निर्यात क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनी हुई है. आने वाले महीनों में सरकार और व्यापार जगत की नजर इस बात पर रहेगी कि क्या पश्चिम एशिया की गिरावट अस्थायी है या दीर्घकालिक प्रभाव डालती है.

# दालचीनी में छिपा है मधुमेह नियंत्रण का सूत्र

**हरिद्वार, 15 मई।** पतंजलि के वैज्ञानिकों की दिन-रात की मेहनत एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चमक बिखेर रही है। पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से दालचीनी को लेकर किए जा रहे अनुसंधान को अमेरिका के प्रसिद्ध

**पतंजलि का बड़ा शोध**

**अमेरिकी जर्नल ने स्वीकारा**

जर्नल एल्सवियर के फूड रिसर्च इंटरनेशनल ने न केवल स्वीकार किया है अपितु इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि दालचीनी में मिलने वाले जैव सक्रिय तत्व से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

यह शोध वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को जहां बड़ा बल देती है, वहीं, मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नये आयाम खोल देती है। हजारों साल पहले से ऋषि कहते आ रहे हैं कि- 'उक्ता दारुसिता स्वाद्वी तिक्ता चानिलपित्तहृत। सुरभिः शुक्रला बल्या मुखशोषतृषापहा।। यानि दालचीनी वायु व पित्त का हरण करके शुक्र और बल के रूप को बढ़ाने वाला होता है। वैसे भी हम दालचीनी के गुणों को वर्षों से जानते और समझते आ रहे हैं लेकिन जो पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है और जिसे विज्ञान ने अब मान्यता दे दी है, वह आयुर्वेद में मील का पत्थर साबित होगा। दरअसल, दालचीनी को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिक लंबे समय से अनुसंधान कर रहे थे। अनुसंधान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रमाणिक तथ्यों को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल 'एल्सवियर' के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा गया। जहां उन्होंने न केवल पतंजलि के रिसर्च को स्वीकार किया बल्कि उस तथ्य को भी माना, जिसमें पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च में दालचीनी से मधुमेह नियंत्रण की बात कही।

> 'हमारा उद्देश्य केवल शोध करना नहीं, बल्कि ऐसे परिणाम देना है जो मानव जीवन की गंभीर बीमारियों में प्राकृतिक समाधान प्रस्तुत कर सकें। दालचीनी पर यह अध्ययन उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रकृति में ही स्वास्थ्य का संपूर्ण समाधान निहित है, और आयुर्वेद उसी प्रकृति के नियमों को विज्ञान की भाषा में प्रस्तुत करता है। दालचीनी पर हुआ यह शोध उसी सत्य को पुनः स्थापित करता है।
>
> **आचार्य बालकृष्ण, महामंत्री, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार**

# आकाश अंबानी बने जियो प्लेटफॉर्म्स के एमडी

**सन् 2022 में बने थे जियो के चेयरमैन**

**1.46 लाख करोड़ रही सालाना कमाई**




**नई दिल्ली, 15 मई.** रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने आकाश अंबानी को कंपनी का नया मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया है. कंपनी ने यह फैसला संभावित इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग से पहले लिया है.

रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार आकाश अंबानी का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गया है और वे अगले पांच वर्षों तक इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे.

बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक जियो प्लेटफॉर्म्स मई के अंत या जून 2026 में आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर सकती है. माना जा रहा है कि आकाश अंबानी की नियुक्ति कंपनी की लिस्टिंग तैयारियों का हिस्सा है. रिलायंस समूह निवेशकों के सामने मजबूत नेतृत्व और भविष्य की स्पष्ट रणनीति पेश करना चाहता है.

आकाश अंबानी लंबे समय से रिलायंस समूह के डिजिटल कारोबार से जुड़े हुए हैं. वे अक्टूबर 2014 से रिलायंस जियो इन्फोकॉम के बोर्ड में शामिल हैं और टेलीकॉम व डिजिटल रणनीतियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. जून 2022 में उन्हें रिलायंस जियो इन्फोकॉम का चेयरमैन बनाया गया था. अब जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक बनने के बाद उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है. जियो प्लेटफॉर्म्स रिलायंस इंडस्ट्रीज की प्रमुख सहायक कंपनी है, जिसके अंतर्गत रिलायंस जियो इन्फोकॉम, माई जियो, जियो सिनेमा, जियो सावन और अन्य डिजिटल सेवाएं संचालित होती हैं. कंपनी देश के डिजिटल और टेलीकॉम सेक्टर में तेजी से विस्तार कर रही है.

वित्त वर्ष 2025-26 में जियो प्लेटफॉर्म्स का प्रदर्शन मजबूत रहा. कंपनी ने इस दौरान 1.46 लाख करोड़ रुपए का कुल राजस्व दर्ज किया, जबकि शुद्ध लाभ 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक रहा. विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और बढ़ते डिजिटल कारोबार के कारण कंपनी के आईपीओ को निवेशकों से अच्छा प्रतिसाद मिल सकता है.

# आयुष मंत्रालय और भाषिनी के बीच एआई समझौता

**नई दिल्ली, 15 मई. देश में पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को अधिक सुलभ और डिजिटल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है.**

आयुष मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत कार्यरत प्रभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं. इस समझौते का उद्देश्य आयुष ज्ञान प्रणालियों—जैसे आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी—की जानकारी को देश की विभिन्न भाषाओं में तेजी से और सटीक तरीके से उपलब्ध कराना है.

इस पहल के तहत आयुष से जुड़ी डिजिटल सामग्री को भारत की 22 अनुसूचित भाषाओं में अनुवादित किया जाएगा, जिससे देश के अलग-अलग हिस्सों के लोग अपनी मातृभाषा में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे. इससे भाषा की बाधा कम होगी और पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान का व्यापक प्रसार संभव होगा.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीर्कृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 156937080 | होम लोन | 06.05.2026 | 2,12,615.58/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः** 1. टीकम सिंह 2. धन्ना कुँवर

**संपत्ति का पताः** म.प्र. के उज्जैन जिले के खाचरोद तहसील के लासुदिया खेमा गांव में स्थित मकान सं. 248, सर्वे संख्या 479 में मकान संख्या 32 वाली संपत्ति का पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1150 वर्ग फुट या 106.87 वर्ग मीटर है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सुमेर सिंह का मकान, पश्चिम में गोकुल सिंह का मकान, उत्तर में सड़क, दक्षिण में निर्मल सिंह का मकान।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 125552580 | संपत्ति के बदले ऋण | 13.04.2026 | 6,14,514.64/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः** 1. ईश्वर सिंह सिसौदिया 2. जसु बाई सिसौदिया

**संपत्ति का पताः** मकान संख्या 269 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका कुल क्षेत्रफल 1575 वर्ग फुट या 146.37 वर्ग मीटर है, जो आबादी सर्वेक्षण संख्या 964/1, पीएच नं. 44, वार्ड नंबर 08, ग्राम एवं ग्राम पंचायतः पिलवास, तहसीलः नलखेड़ा, जिलाः अगर मालवा, मध्य प्रदेश-465445 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में भंवर सिंह का मकान, पश्चिम में साझा सड़क, उत्तर में मोहन सिंह का मकान, दक्षिण में साझा सड़क।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है ) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**


**दिनांक : 16.05.2026**
**स्थान : मध्यप्रदेश**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**


# सोना-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

**2,240 रुपए सस्ता हुआ सोना**

**11,700 रुपए नीचे आई चांदी**



**नई दिल्ली, 15 मई. देशभर के सर्राफा और वायदा बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई.**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में शुरुआती कारोबार के दौरान चांदी करीब 11,700 प्रति किलो तक सस्ती हो गई, जबकि सोने की कीमत में 2,000 से अधिक की गिरावट देखने को मिली.

एमसीएक्स पर जुलाई डिलीवरी वाली चांदी 4 प्रतिशत टूटकर 2,79,458 प्रति किलो पर पहुंच गई. पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,91,102 प्रति किलो पर बंद हुई थी. वहीं जून डिलीवरी वाला सोना गिरकर 1,59,946 प्रति 10 ग्राम पर आ गया. सर्राफा बाजार में भी गिरावट का असर दिखाई दिया. 24 कैरेट सोना 2,240 टूटकर 1,60,090 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. 22 कैरेट सोना 2,050 की गिरावट के साथ 1,46,750 प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोना 1,680 सस्ता होकर 1,20,070 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा. वहीं चांदी 10,000 घटकर 2,90,000 प्रति किलो पर आ गई.

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद महंगाई बढ़ने की आशंका तेज हुई है.

## फ्री लुक पीरियड में वापस होगा पैसा

**नई दिल्ली, 15 मई.** बीमा पॉलिसी खरीदने के बाद यदि उसकी शर्तें पसंद न आएं या फायदे उम्मीद के मुताबिक न लगें, तो ग्राहकों को परेशान होने की जरूरत नहीं है. बीमा कंपनियां ग्राहकों को 'फ्री लुक पीरियड' की सुविधा देती हैं, जिसके तहत तय समय सीमा के भीतर पॉलिसी रद्द कर प्रीमियम की राशि वापस ली जा सकती है.बीमा क्षेत्र में फ्री लुक पीरियड वह अवधि होती है, जिसमें ग्राहक पॉलिसी दस्तावेज मिलने के बाद उसकी पूरी जानकारी की समीक्षा कर सकता है.

# मंत्री तय करने में भाजपा क्यों देरी कर रही?

**नई दिल्ली. भारतीय जनता पार्टी दो राज्यों में चुनाव जीती है और दोनों राज्यों में उसके मुख्यमंत्रियों ने शपथ ग्रहण कर ली है.**

पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी और असम में हिमंत बिस्वा सरमा सीएम बने हैं. लेकिन हैरानी की बात है कि दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री के साथ चुनिंदा मंत्रियों ने ही शपथ ली. पश्चिम बंगाल शुभेंदु के साथ दिलीप घोष, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक और अग्निमित्रा पॉल यानी पांच मंत्रियों ने शपथ ली. सोचें, राज्य में 44 मंत्री बनाए जा सकते हैं लेकिन मुख्यमंत्री सहित सिर्फ छह मंत्री बने हैं. ऐसे ही असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ सिर्फ चार मंत्रियों ने शपथ ली.



# भारत ने चीनी निर्यात पर लगाया बैन

**घरेलू कीमतों में तेजी रोकने की कोशिश**

**इथेनॉल उत्पादन बढ़ने से एक्सपोर्ट में कमी**

**नई दिल्ली, 15 मई. भारत सरकार ने घरेलू चीनी की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल प्रभाव से चीनी के निर्यात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है. यह प्रतिबंध 30 सितंबर 2026 तक या सरकार के अगले आदेश तक लागू रहेगा.**

उत्पादन और निर्यात के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि ब्राजील पहले स्थान पर है. भारत दुनिया का सबसे बड़ा चीनी उपभोक्ता भी है. देश में त्योहार, मिठाई, पैकेट बंद खाद्य उत्पाद और पेय पदार्थों में चीनी की खपत गहराई से जुड़ी है. निर्यात पर रोक लगाने का मुख्य कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में फसल कम होने का डर है.

मौसम से जुड़ी अनिश्चितता, अल नीनो और कमजोर मानसून की संभावना के कारण गन्ने की पैदावार प्रभावित हो सकती है. इसके अलावा, बढ़ते इथेनॉल उत्पादन ने भी घरेलू उपलब्धता पर असर डाला है, क्योंकि गन्ने के रस का एक बड़ा हिस्सा अब ईंधन के लिए इस्तेमाल हो रहा है.

सरकार का उद्देश्य महंगाई पर काबू पाना और देश के अंदर चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है. निर्यात पर रोक लगाकर खुदरा कीमतों को स्थिर रखने और घरेलू बाजार में संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है.

> इस कदम से वैश्विक बाजार में भारत के निर्यात पर असर पड़ेगा, क्योंकि देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक होने के नाते अंतरराष्ट्रीय व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

# हर घर तक पहुंचकर तोड़ेंगे विपक्ष का भ्रम

## पंकज चौधरी का संदेश, बूथ विजय मंत्र के साथ भाजपा ने कसी चुनावी कमर

**लखनऊ. उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी सक्रियता तेज कर दी है.**




इसी क्रम में सोमवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश महामंत्रियों और क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर संगठनात्मक अभियानों और आगामी रणनीति पर विस्तृत मंथन किया. बैठक में बूथ सशक्तिकरण, प्रशिक्षण अभियान, पन्ना प्रमुखों की सक्रियता और हर घर दस्तक अभियान को लेकर विशेष चर्चा हुई.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की दृष्टि से संगठन का प्रत्येक अभियान बूथ-केंद्रित होना चाहिए. उन्होंने कहा कि पार्टी को हर बूथ पर विजय के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मंदसौर (म.प्र.)

E-Mail:cmomandsaur@mpurban.gov.in / Phone: 07422-405964 / ULB Code : 802211

क्रमांक 1764 / स्टोर शाखा / 2026
दिनांक 15/05/2026

**-:: ई - टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना :-**

निकाय द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। इच्छुक डिलर अपनी दरे समस्त करों सहित प्रस्तुत करे।

| क्र. | ऑनलाईन टेन्डर क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UADD TENDER NO. 507201-1 | निकाय में दो स्मार्ट आधुनिक मोबाईल चलित टायलेट (04 शीटर महिला व 04 शीटर पुरूष शौचालय) प्रति मोबाईल टायलेट के मान से रेट्स देवें। | 20 लाख | 15000.00 | 2000..00 |
| 2 | UADD TENDER NO. 507208-1 | नगरपालिका परिषद मंदसौर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निकाय के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयो, मूत्रालयों कार्यलय एवं शासकीय कार्यक्रमो में सफाई हेतु फिनाईल की आवश्यकता होती जो प्रति लीटर के मान क्रय करना है मय टेक्स का खुल्लासा करते हुए दर प्रस्तुत करें। | 09 लाख | 10000.00 | 2000..00 |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र फॉर्म सी पर आमंत्रित किया जाना है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट http:mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

1 निविदा संबधित आवश्यक जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
2 निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास सुरक्षित रहेंगा।
3 ऑनलाईन दरें समस्त करों सहित देवे।
4 निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह केवल वेबसाईट पर ही प्रदर्शित होगा। उसके लिये पृथक से कोई विज्ञापन समाचार पत्रों में जारी नही किया जावेगा।
5 सर्शत निविदा मान्य नही की जावेगी।
6 समस्त निविदाकारों सुचित किया जाता है कि वह अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न कर निर्धारित समय सारणी अनुसार निविदा की ऑनलाईन प्रक्रिया पूर्ण करनें वेबसाईट में किसी प्रकार की असुवीधा के लिये विभाग उत्तरदायी नही होगी।

**अध्यक्ष** न.पा परिषद, मन्दसौर | **उपाध्यक्ष** न.पा. परिषद, मन्दसौर | **सभापति** स्वास्थ्य समिति | **मुख्य नगर पालिका अधिकारी** न. पा. परिषद, मन्दसौर



सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**
**5वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**
**********************

**वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 'ऑनलाइन' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना**

वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2026 से 31 जुलाई, 2026 तक खुला रहेगा। इसका विवरण निम्नानुसार हैः

i. आवेदन/नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (**www.awards.gov.in**) पर किए जायेंगे।
ii. वर्ष 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई, 2026 तक प्राप्त आवेदन/नामांकन पर ही विचार किया जाएगा।
iii. वर्ष 2026 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (**www.awards.gov.in**) पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से संबंधित सहायक दस्तावेज भी अपलोड करना चाहिए। व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत उप-श्रेणियों - सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन, श्रेष्ठ दिव्यांगजन और श्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग बाल/बालिका के लिए, यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
iv. **भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
v. पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट (**www.depwd.gov.in**) पर उपलब्ध "दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश" तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर भी देखे जा सकते हैं।

**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष : 011-24369057**

**CBC 38117/11/0001/2627**